SANGVI MATUSHRI PURIBAI BHURMAL JAIN
GOVERNMENT COLLEGE, SHEOGANJ (DIST-SIROHI)
Telephone No. - 02976-272559 Email – govt.collegesheoganj@gmail.com

दिनांक : 18.11.2024

प्रतिवेदन

राइजिंग राजस्थान योजना के अन्तर्गत 3 एमओयू

राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी राइजिंग राजस्थान योजना में योगदान करते हुए राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज ने 3 एमओयू किए हैं। पहला एमओयू उद्योग संघ संस्थान, शिवगंज के साथ किया गया जिस पर उद्योग संघ के अध्यक्ष श्री दिनेश बिंदल और सचिव श्री महेन्द्र कुमार रावल ने हस्ताक्षर किए। नेटकोर स्किल डेवलेपमेंट फाउंडेशन के साथ हुए दूसरे एमओयू पर नेटकोर केन्द्र प्रमुख श्री हबीब टॉक और प्रबन्धक श्री जितेन्द्र कुमार ओझा ने हस्ताक्षर किए। तीसरा एमओयू भारतीय स्टेट बैंक की शिवगंज शाखा के साथ किया गया जिस पर शाखा प्रबंधक श्री कमलेश कुमार और सहायक शाखा प्रबंधक श्री प्रशान्त शेखर ने हस्ताक्षर किए। महाविद्यालय की और से तीनों एमओयू पर प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा और नोडल अधिकारी डॉ. भूपेश डी. वर्मा ने हस्ताक्षर किए। सभी एमओयू 5 वर्ष की अवधि के लिए किए गए हैं जिनके तहत संबंधित पक्षकार समय–समय पर पारस्परिक कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे जिनसे कॉलेज के नियमित विद्यार्थियों को विविध कौशल विकास हेतु विशिष्ट परामर्श, कैम्पस विजिट, राजगार अभिमुखी मार्गदर्शन के अवसर प्राप्त होंगे।

पौधरोपण एवं वाटिका विकास

पर्यावरण को समर्पित राजस्थान सरकार की पौधरोपण योजना में योगदान करते हुए सह आचार्य श्री दानाराम के नेतृत्व, निरीक्षण एवं निर्देशन में राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज विगत 4 माह में 400 से अधिक पौधरोपण किए गए हैं। महाविद्यालय विकास एवं सौन्दर्यीकरण में एक और आयाम जोडते हुए महाविद्यालय के प्रवेश द्वार के समीप वाटिका विकास का कार्य प्रगति पर है, जिसका भूमिपूजन स्थानीय विधायक एवं राज्यमंत्री श्री ओटाराम जी देवासी के करकमलों से दिनांक 30 सितम्बर 2024 को किया गया।

नशामुक्ति अभियान

युवाओं को नशे/व्यसन से दूर रखने हेतु नशामुक्ति अभियान का सहायक आचार्य डॉ. बंशीलाल के नेतृत्व एवं निर्देशन में महाविद्यालय में अनेक चरणों में आयोजन किया गया। इनमें विद्यार्थी सहायता सदस्यों का मनोनयन कर नशामुक्ति शपथ, जागरूकता संबोधन कार्यक्रम, जागरूकता रैली, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन कर युवाशक्ति के चिंतन आयामों को पृथक दिशा देने के सार्थक प्रयास किए गए। सभी कार्यक्रम "विकसित भारत का मंत्र–भारत हो नशे से स्वतंत्र" की थीम पर किया गया, जिनमें तंबाकू मुक्त भारत अभियान 2.0 तथा टोबेको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 को केन्द्र में रखते हुए गतिविधियों का नियोजन एवं क्रियान्वन किया गया।

प्राचार्य
स०मा०पु०भू०जैन राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज

सडक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने के प्रयोजन से शॉर्ट फिल्म–"हैलमेट और सीट बैल्ट" का प्रदर्शन किया गया। फिल्म देखने के बाद विद्यार्थियों के साथ–साथ संकाय सदस्यों ने भी टू–व्हीलर चलाते समय अनिवार्य रूप से हैलमेट का उपयोग करने तथा फोर व्हीलर चलाते समय सीट बैल्ट लगाने तथा जनसामान्य को तदनुंसार जागरूक बनाने का संकल्प लिया।

शिक्षुता प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत औद्योगिक भ्रमण

महाविद्यालय की युवा शक्ति को विविध कौशल विकास अवसरों से परिचित कराने के प्रयोजन से शिक्षुता प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सहायक आचार्य श्रीमती दीपिका वैष्णव के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने दिनांक 22 अक्टूबर 2024 को 4 औद्योगिक इकाइयों – सुप्रीम सॉल्वेंट, पवनपुत्र दाल मिल, शंकर अगरबत्ती तथा तेल मिल का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान, व्यवहारिक प्रशिक्षण सहित कौशल मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

छात्रवृत्तियाँ

भारत सरकार और राजस्थान सरकार की विभिन्न छात्रवृत्तियों के पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजनाओं से जोडते हुए उनके मार्गदर्शन, आपत्तियों के समयबद्ध निराकरण एवं निस्तारण का कार्य सह आचार्य श्री दानाराम के नेतृत्व में समर्पित टीम द्वारा किया जा रहा है। इस कडी में विशिष्ट आयाम जोडते हुए इस वर्ष से अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से घोषित की गई छात्रवृत्ति योजना से भी विद्यार्थियों को जोडा गया है, जिसके सफल अभ्यर्थी को 30 हजार रूपये की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी।

प्राचार्य
सं०या०पू०मू०जैन राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज